बौद्धिक संपदा
भारत
एकस्व / अभिकल्प / व्यापार चिह्न
भौगोलिक उपदर्शन / कॉपीराइट
आरजीएनआईआईपीएम

INTELLECTUAL PROPERTY
INDIA
Patents / Designs / Trade Marks
Geographical Indications / Copyright
RGNIIPM

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प और व्यापार चिह्न
Office of The Controller General
Patents, Designs & Trade Marks
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
Ministry of Commerce & Industry
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
Department for Promotion of Industry and Internal Trade

बौद्धिक संपदा भवन
BOUDDHIK SAMPADA BHAWAN
प्लॉट न. / Plot No. - 32
सेक्टर / Sector -14, द्वारका / Dwarka
नई दिल्ली / New Delhi, भारत / India
दूरभाष / Tel : +911125300205
ई-मेल / E-Mail : cgoffice.in@nic.in
वेबसाइट / Website: www.ipindia.gov.in

संख्या/No. : TMR/Public Notice/2026/4546 दिनांक/Date: 31.08.2026

# सार्वजनिक सूचना

## लंबित व्यापार चिह्न विरोध मामलों के निस्तारण हेतु विशेष निस्तारण अभियान (समझौता/वापसी)

व्यापार चिह्न रजिस्ट्री द्वारा ऐसे लंबे समय से लंबित विरोध मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए एक समर्पित विशेष निस्तारण अभियान प्रारंभ किया जा रहा है, जिनमें पक्षकार आवेदन/विरोध को वापस लेना चाहते हैं अथवा आपसी सहमति से समझौते पर पहुँच गए हैं।

व्यापार चिह्न रजिस्ट्री का उद्देश्य इस संरचित अभियान के माध्यम से लंबित मामलों के बैकलॉग का व्यवस्थित रूप से निस्तारण करना, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना, पारदर्शिता बढ़ाना तथा बौद्धिक संपदा की व्यवस्था में व्यवसाय करने में सुगमता को बढ़ावा देना है, साथ ही प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को बनाए रखना है।

यह विशेष निस्तारण अभियान **सितंबर 2026 के प्रथम शुक्रवार, अर्थात् 04/09/2026** से प्रारंभ होकर **दिसंबर 2026 तक प्रत्येक कार्यशील शुक्रवार** को आयोजित किया जाएगा। सुनवाई **हाइब्रिड मोड** में आयोजित की जाएगी, अर्थात् भौतिक एवं वर्चुअल दोनों विकल्प उपलब्ध होंगे।

व्यवस्थित प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए, अंतर्निहित ट्रेड मार्क आवेदनों के दाखिल किए जाने के वर्ष के आधार पर सुनवाई 10-वर्षीय अवधि के समूहों में, निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित की जाएगी:

### सुनवाई कार्यक्रम एवं वर्षवार विवरण

| दिनांक/कार्यक्रम | आवेदन दाखिल करने का वर्ष | सुनवाई का माध्यम | समय |
|---|---|---|---|
| **सितंबर के सभी शुक्रवार** | **2000 से पूर्व** दाखिल किए गए आवेदन | हाइब्रिड (भौतिक/वर्चुअल) | प्रातः 10:30 बजे – दोपहर 01:30 बजे एवं दोपहर 02:30 बजे – सायं 04:30 बजे |
| **अक्टूबर के सभी शुक्रवार** | **2001 – 2010** के बीच दाखिल किए गए | हाइब्रिड (भौतिक/वर्चुअल) | प्रातः 10:30 बजे – दोपहर 01:30 बजे एवं |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | आवेदन | | दोपहर 02:30 बजे – सायं 04:30 बजे |
| **नवंबर के सभी शुक्रवार** | **2011 – 2020** के बीच दाखिल किए गए आवेदन | हाइब्रिड (भौतिक/वर्चुअल) | प्रातः 10:30 बजे – दोपहर 01:30 बजे एवं दोपहर 02:30 बजे – सायं 04:30 बजे |
| **दिसंबर के सभी शुक्रवार** | **2021 – अब तक** दाखिल किए गए आवेदन | हाइब्रिड (भौतिक/वर्चुअल) | प्रातः 10:30 बजे – दोपहर 01:30 बजे एवं दोपहर 02:30 बजे – सायं 04:30 बजे |

**पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं के लिए निदेश**

• **दस्तावेजों का प्रस्तुतिकरण**: आवेदकों, विरोधकर्ताओं तथा उनके अधिकृत अधिवक्ता/एजेंट को निदेश दिया जाता है कि वे निर्धारित शुक्रवार की सुनवाई तारीख से कम से कम **3 दिन पूर्व** ऑनलाइन पोर्टल अथवा ई-मेल के माध्यम से समझौता विलेख से संबंधित प्रासंगिक दस्तावेजी साक्ष्य अथवा वापसी का अनुरोध अपलोड/प्रस्तुत करें।

• **उपस्थिति:** सभी संबंधित पक्षकारों अथवा उनके अधिकृत विधिक प्रतिनिधियों को अपने संबंधित विरोध मामलों की स्थिति की जांच करने तथा सुनवाई अधिकारी के समक्ष उपस्थित होने की सलाह दी जाती है। उपस्थिति वर्चुअल माध्यम से (आईपी इंडिया पोर्टल पर प्रकाशित आधिकारिक लिंक के माध्यम से) अथवा व्यापार चिह्न रजिस्ट्री में भौतिक रूप से दर्ज की जा सकती है।

• **अनुपस्थिति के परिणाम:** सुनवाई की निर्धारित तारीख पर अनुपस्थित रहने अथवा निदेशों का अनुपालन न करने की स्थिति में, उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर मामले का निर्णय एकपक्षीय रूप से किया जा सकता है अथवा व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 तथा व्यापार चिह्न नियम, 2017 के अनुसार मामले का गुण-दोष के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

**हस्ताक्षरित/-**
**पंजीकार, व्यापार चिह्न**
कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प और व्यापार चिह्न
पंजीकार, प्रतिलिप्यधिकार एवं भौगोलिक उपदर्शन